(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78) O.I.G.S. डाक पंजीयन क्रमांक जयपुर सिटी/205/2024-26

राजस्थान
रोज़गार संदेश
पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 49 अंक 4 (Website:http://employment.rajasthan.gov.in) 01 अप्रैल, 2026 मूल्य: 3.00 वार्षिक शुल्क 60रु

# जनसंख्या विज्ञान में करियर के अवसर

-विजय प्रकाश श्रीवास्तव

हम सभी जानते हैं कि आबादी के लिहाज से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। चीन प्रथम स्थान पर है पर अभी जो प्रवृत्ति देखने को मिल रही है उससे स्पष्ट है कि कुछ समय बाद हमारे देश की आबादी दुनिया में अधिकतम होगी। भारत में 16वीं जनगणना इस वर्ष अप्रैल माह में शुरू होगी। यह जनगणना प्रति दस वर्ष में एक बार होती है हालांकि नवीनतम जनगणना 6 वर्ष के विलंब से होने जा रही है। जनगणना एक देश की आबादी के सर्वेक्षण की आधिकारिक प्रक्रिया होती है । इसमें देश में कुल कितने लोग हैं, इसकी गिनती होती है तथा जनसंख्या में शामिल लोगों के आय, लैंगिक वितरण, शिक्षा और रोजगार से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि एक देश की पहचान इसकी जनसंख्या से बनती है। किसी देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति कैसी है, इसका मापन करने के लिए कई पैमानों को उपयोग में लाया जाता है। इनमें व्यक्तियों तथा परिवारों की आय,बचत स्तर, स्वास्थ्य दशाएँ तथा कुशल क्षेम प्रमुखता शामिल हैं।

जनसंख्या अध्ययन का महत्व उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। विषय के रूप में बात करें तो जनसंख्या अध्ययन सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत आने वाला विषय है। अर्थशास्त्र, मानवशास्त्र, भूगोल और समाज शास्त्र के स्नातक तथा स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीमित रूप में जनसंख्या अध्ययन का समावेश हो सकता है लेकिन जनसंख्या विज्ञान या जनसंख्या अध्ययन, जो भी कह लें; उच्च शिक्षा के लिए एक स्वतंत्र, पूर्णरूपेण विषय के रूप में उपलब्ध है। आप इसमें स्नातकोत्तर उपाधि हासिल कर सकते हैं और शोध अर्थात पीएचडी के लिए भी इस विषय को चुन सकते हैं।

जनसंख्या अध्ययन में मानव आबादी, इसके लक्षणों तथा इसमें समय के साथ होने वाले बदलावों का विश्लेषण करना शामिल होता है। इस अध्ययन में हम यह समझते हैं कि जनसंख्या में परिवर्तन किन कारणों से होता है और इस परिवर्तन के परिणाम क्या होते हैं। यहाँ यह बताना महत्वपूर्ण है कि सरकारों, विभिन्न संगठनों तथा नीति निर्माताओं के लिए जनसंख्या अध्ययन अत्यधिक महत्व रखता है। शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य, शहरी तथा ग्रामीण नियोजन, तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी नीतियाँ इन अध्ययनों के निष्कर्ष के आधार पर तैयार की जाती हैं। इन निष्कर्षों का उपयोग असमानता,गरीबी,बेरोजगारी जैसी समस्याओं के समाधान हेतु भी किया जाता है।

सरकारों, संगठनों तथा नीति निर्माताओं के लिए जनसंख्या अध्ययन अत्यधिक मायने रखता है। इस अध्ययन से मिले निष्कर्षों के आधार पर शिक्षा, आवास, अवसंरचना, स्वास्थ्य सुविधाओं, ग्रामीण तथा शहरी आयोजना एवं पर्यावरण संरक्षण आदि से जुड़ी नीतियाँ तैयार की जाती हैं तथा कार्यक्रम बनाए जाते हैं। निष्कर्षों का उपयोग सामाजिक तथा आर्थिक असमानता, गरीबी, बेरोजगारी आदि समस्याओं का हल ढूँढने के लिए भी किया जाता है।

जनसंख्या प्रवृत्तियां तथा जनसंख्या में हो रहे बदलाव नीति निर्माताओं के लिए अन्य कारणों से भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन कारणों में बदलती आबादी की जरूरतों को पूरा करना तथा संबंधित चुनौतियों का सामना करना शामिल है। बदलती आबादी का एक उदाहरण जापान है जहां वृद्ध जनों का अनुपात काफी बढ़ चुका है । भारत को देखें तो यहाँ प्रजनन दर में गिरावट देखी गई है तथा जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) में निरंतर वृद्धि हो रही है। जहां वरिष्ठ नागरिकों की आबादी अधिक हो, वहाँ सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य सुविधाओं आदि पर अधिक व्यय करना होगा। जहां आबादी में युवाओं, कार्यशील लोगों का प्रतिशत अधिक हो, वहाँ जनशक्ति का निर्यात करना हो सकता है।

जनसंख्या अध्ययन के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में आम तौर पर शामिल विषय हैं- जनसंख्या का समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र, जनसांख्यिकी परिचय, प्रजनन के सिद्धान्त तथा निर्धारक, जनसंख्या और विकास, जन्म और मृत्यु दर, रोगग्रस्तता, पलायन अर्थात माइग्रेशन, शहरीकरण, आबादी तथा पर्यावरण के बीच रिश्ता, जेंडर तथा स्वास्थ्य के मसले, जनसंख्या नीतियाँ तथा कार्यक्रम, जनसंख्या आंकड़ों का संग्रह, आकलन तथा विश्लेषण, सैंपलिंग तथा शोध विधियाँ, जनसांख्यिकी में कंप्यूटर तथा कृत्रिम मेधा का अनुप्रयोग, मानव विकास आदि।

हमारे देश में उच्च शिक्षा के लिए अनेक विशेषीकृत संस्थान स्थापित हैं। इनमें जनसंख्या विज्ञान के अध्ययन के लिए मुंबई में स्थित 70 वर्ष पुराना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पापुलेशन साइंसेज भी है जिसे डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है। यहाँ पापुलेशन स्टडीज में एम ए/एम एससी, बायोस्टैटिस्टिक्स और डेमोग्राफी में एम एससी पाठ्यक्रमों के साथ पी एचडी तथा पोस्ट डाक्टोरल पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

पुणे स्थित गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पालिटिक्स एंड इकोनामिक्स में एम एससी अर्थशास्त्र (पापुलेशन स्टडीज और हेल्थ इकोनामिक्स) पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, कोलकाता में एक पापुलेशन स्टडीज यूनिट मौजूद है जो जनसंख्या के विविध पक्षों पर शोध कार्यक्रम संचालित करती है।

देश के अनेक विश्वविद्यालयों में जनसंख्या अध्ययन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में पापुलेशन एंड फेमिली हेल्थ स्टडीज में एम ए पाठ्यक्रम दूरस्थ शिक्षण माध्यम से संचालित किया जाता है।

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 18 जनसंख्या अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं जो देश के 16 राज्यों में फैले हुए हैं। इनका उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य तथा निचले स्तरों पर स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा नीतियों के निर्माण/कार्यान्वयन के लिए शोध आधारित जानकारी एकत्र करना है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय

# रक्षा उत्पादन विभाग (डीजीक्यूए)

सीक्यूएई(ईएफएस), एनएसटीएल के पास, रायथू बाजार के सामने, मारीपैलम डाक, विशाखापट्टनम-530018

1. स्पीड डाक द्वारा निर्धारित प्रारूप में पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित **ग्रुप ग, अराजपत्रित, अलिपिक वर्गीय और लिपिक वर्गीय पदों** के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. **सामान्य मेल या मेल के किसी अन्य प्रारूप द्वारा भेजे गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

| क्र.सं. | पद का नाम | वेतनमान | रिक्तियों का वितरण | | | | | | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | कुल | |
| (क) | आशुलिपिक ग्रेड-II | लेवल-4 रुपये 25,500-81100 | 03 | 01 | -- | 01 | -- | 05 | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10+2 या समकक्ष पास.<br>(ii) **कौशल परीक्षा मानक डिक्टेशन**-80 शब्द प्रति मिनट के दर से 10 मिनट, ट्रांस्क्रिप्शन 50 मिनट(अंग्रेजी) 65 मिनट(हिन्दी) (कम्प्यूटर पर) |
| (ख) | सीएमडी (ओजी)# | लेवल-2 रुपये 19,900-63200 | 01 | -- | -- | -- | 01 | 02 | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिक या समकक्ष.<br>(ii) ड्राइविंग में वृत्तिक कौशल, मोटर मैकेनिक का ज्ञान, सामान्य स्मार्टनेस और वाहन चलाने में कम से कम 04 वर्ष के अनुभव के साथ कार और भारी वाहन चलाने के लिए वैध स्थायी लाइसेंस धारक हो. #सीएमडी (ओजी) का एक पद भूतपूर्व सैनिक के लिए हॉरिजोन्टली आरक्षित हैं. |
| (ग) | बढ़ई | लेवल-2 रुपये 19,900-63200 | -- | -- | -- | 01 | -- | 01 | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिक या समकक्ष.<br>(ii) विशिष्ट व्यवसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाण पत्र या समकक्ष.<br>(iii) क्षेत्रीय कार्य में दो वर्ष का अनुभव.<br>**नोट:** पात्र विभागीय उम्मीदवारों को विभागीय व्यवसाय परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी. |

भर्ती पर पदधारी दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर होंगे.

**नोट:**

(i) **प्रयुक्त संक्षिप्ति:** सामा-सामान्य, अना-अनारक्षित, अजा-अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, भूपूसै-भूतपूर्व सैनिक, ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूबीडी-बैंचमार्क असशक्तता के साथ व्यक्ति, डी-बहरा, एचएच-बधिर दिव्यांग.

(ii) **कार्य स्थल:** चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी सेवा देनी होगी. हालांकि पोस्टिंग का आरम्भिक स्थान बैंगलोर, पुणे, जालंधर, विज़ाग, कोलकाता, सिकंदराबाद और मुंबई हो सकता है.

(iii) **आरक्षण:**अजा/अजजा/अपिव/भूपूसै/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए आरक्षण मौजूदा सरकारी आदेशानुसार है.

**2. योग्यता और आयु-**

| पद का नाम | आयु | पात्रता शर्तें/योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| आशुलिपिक ग्रेड-II | 18-27 वर्ष | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10+2 या समकक्ष पास.<br>(ii) कौशल परीक्षा मानक डिक्टेशन-80 शब्द प्रति मिनट की दर से 10 मिनट, ट्रांस्क्रिप्शन 50 मिनट(अंग्रेजी) 65 मिनट(हिन्दी) (कम्प्यूटर पर) | लेवल-4 रुपये 25,500-81100 |
| सीएमडी (ओजी) | 18-27 वर्ष | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिक या समकक्ष.<br>(ii)ड्राइविंग में वृत्तिक कौशल, मोटर मैकेनिक का ज्ञान, सामान्य स्मार्टनेस और वाहन चलाने में कम से कम 04 वर्ष के अनुभव के साथ कार और भारी वाहन चलाने के लिए वैध स्थायी लाइसेंस धारक हो. | लेवल-2 रुपये 19,900-63200 |
| बढ़ई | 18-37 वर्ष | (i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से मैट्रिक या समकक्ष.<br>(ii) विशिष्ट व्यवसाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाण पत्र या समकक्ष.<br>(iii) क्षेत्रीय कार्य में दो वर्ष का अनुभव.<br>**नोट:** पात्र विभागीय उम्मीदवारों को विभागीय व्यवसाय परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी. | लेवल-2 रुपये 19,900-63200 |

**3.आयु में छूट:** विभिन्न श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा की स्वीकार्य छूट निम्नानुसार है.

| श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा से ऊपर स्वीकार्य आयु |
|---|---|
| अजा/अजजा | 05 वर्ष (आरक्षित रिक्तियों के मामले में उपलब्ध) |
| अपिव | 03 वर्ष (आरक्षित रिक्तियों के मामले में उपलब्ध) |
| शावि | 10 वर्ष |
| शावि+अपिव | 13 वर्ष |
| शावि+अजा/अजजा | 15 वर्ष |
| भूतपूर्वसैनिक (अनारक्षित /सामान्य) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 03 वर्ष |
| भूतपूर्वसैनिक (अपिव) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 06 वर्ष (03 वर्ष+03 वर्ष). |

| | |
|---|---|
| भूतपूर्वसैनिक (अजा और अजजा) | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वास्तविक आयु से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करने के बाद 08 वर्ष (03+05 वर्ष). |
| न्यूनतम 03 वर्ष की निरंतर सेवा के साथ विभागीय उम्मीदवार | **ऊपरी आयु सीमा में छूटः** अना की आयु के 40 वर्ष तक, अजा/अजजा की आयु के 45 वर्ष तक, अपिव के आयु के 43 वर्ष तक |

(क) **प्रमाणन की प्रक्रिया और प्रमाण पत्र प्रारूपः** उम्मीदवार जो आरक्षित रिक्तियों के लिए विचार किए जाने या आयु में छूट चाहते हैं उन्हें अपेक्षित प्रमाण पत्र जहां ऐसे प्रमाण पत्र को दस्तावेज सत्यापन के समय इस कार्यालय द्वारा अपेक्षित किया जाता है, जमा करने होंगे. अन्यथा अजा/अजजा/अपिव/शावि(पीडब्ल्यूबीडी)/भूपूसै ओहदे के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी/आवेदनों को सामान्य(अना) श्रेणी के अधीन विचार किया जाएगा. **क्रीमीलेयर ओहदे में अपिव प्रमाण पत्र, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से तीन वर्ष के अंदर प्राप्त किया होना चाहिए.**

नोटः नॉन क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र उन अपिव उम्मीदवारों के लिए लागू होगा जो आय/सम्पत्ति परीक्षा मानदण्ड के अधीन आते हैं. आय सीमा, नियुक्ति के वर्ष से पहले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त आय के आधार पर तय की जाएगी.

(ख) बशर्ते अजा,अजजा, अपिव और शावि(पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवार जो आयु आदि में किसी भी मानक में छूट के बिना अपनी योग्यता पर चयनित होते हैं उनके साथ अन्य समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों को रिक्तियों के आरक्षित शेयर में समायोजित नहीं किया जाएगा और आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार जो मानक छूट(आयु आदि) द्वारा चयनित होते हैं तो उन्हें अनारक्षित रिक्तियों के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा.

(ग) एक भूतपूर्व सैनिक या असशक्तता श्रेणी का उम्मीदवार जो छूट मानकों के आधार पर अर्हता प्राप्त करता है उसे आरक्षित रिक्तियों के लिए गिना जाएगा और न कि चयन के लिए ऐसे उम्मीदवार की फिटनेस पर सामान्य रिक्तियों के लिए. ऐसे उम्मीदवारों को भी संस्तुति योग्यता के क्रम में उनके ओहदे के बावजूद आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या की हद तक छूट मानकों में की जाएगी. जहां तक भूतपूर्वसैनिकों से संबंधित मामलों की बात है, भूतपूर्वसैनिकों की आयु से प्रदत्त मिलिट्री सेवा को कम करना, आरक्षित या अयोग्य पदों के लिए स्वीकार्य है और ऐसी छूट को आयु के संदर्भ में छूट मानकों के रूप में नहीं माना जाएगा.

(घ) आयु में छूट का दावा करने वाले केन्द्र सरकार सिविलियन कर्मचारियों के पास निरन्तर सेवा की अवधि के संदर्भ में अपने कार्यालय से निर्धारित प्रारूप(परिशिष्ट-I) में प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार तीन वर्ष से कम का नहीं होना चाहिए. उन्हें अपने चयन की प्रक्रिया में आवेदन की तिथि से नियुक्ति के समय तक केन्द्र सरकार सिविलियन कर्मचारियों का ओहदा बनाये रखना होगा.

4. **आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथिः**

(क) उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात उम्मीदवारों के उनके स्थान को ध्यान दिए बिना सभी उम्मीदवारों के संदर्भ में 24 अप्रैल 2026 होगी।

(ख) रोजगार कार्यालय से उम्मीदवारों के मामले में आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि वह होगी, जब रोजगार कार्यालय नाम जमा करने के लिए कहता है.

5. **आवेदन की अंतिम तिथि–** उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2026 और असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले के पांगी उप प्रभाग और लाहौल और स्पिति जिला, लद्दाख, अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह और लक्षदीप में रह रहे उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, 01 मई 2026 होगी।

6. **चयन का माध्यमः**

(क) **आवेदनों का लघु सूचीकरणः** जहां प्राप्त आवेदनों की संख्या रिक्तियों के अनुपात में बहुत ज्यादा होती है और लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए सभी उम्मीदवारों को बुलाना विभाग के लिए सुविधाजनक या संभव नहीं है, तो विभाग अपने विवेक पर अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर एक सीमित सीमा(20 या अधिक प्रति रिक्ति) तक उम्मीदवारों की संख्या को सीमित कर सकता है.

(ख) पात्र उम्मीदवारों को यदि लागू है, तो लिखित परीक्षा और व्यवसाय परीक्षा के लिए प्रस्तुत होना होगा. लिखित परीक्षा में किए गए प्रश्न के ग़लत उत्तरों के लिए कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी.

(ग) **लिखित परीक्षा की योजना–** लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र(वस्तुनिष्ठ प्रकार-बहु विकल्पीय प्रश्न) 12वीं कक्षा के सीबीएसई सिलेबस के अनुसार होगा और नीचे दिए गए पहलुओं के साथ सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर द्विभाषी होगाः

(i) **आशुलिपिक ग्रेड-II के लिए-**

**लिखित परीक्षा**

| भाग | विषय | प्रश्न | लिखित अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 25 | 25 |
| (ii) | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 |
| (iii) | अंगेजी भाषा और कॉम्प्रीहेंशन | 25 | 25 |
| (iv) | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |

**नोटः** कौशल परीक्षा मानकों में निर्धारित कौशल परीक्षा(डिक्टेशन-80 शब्द प्रति मिनट के दर से 10 मिनट ट्रांस्क्रिप्शन 50 मिनट(अंग्रेजी) 65 मिनट(हिन्दी) (कम्प्यूटर पर). लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ही कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.

(ii) **सीएमडी(ओजी)के लिए**

**लिखित परीक्षा**

| भाग | विषय | प्रश्न | लिखित अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 25 | 25 |
| (ii) | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 |
| (iii) | अंगेजी भाषा और कॉम्प्रीहेंशन | 25 | 25 |
| (iv) | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |

**नोटः** वाहन चलाने में वृत्तिक कौशल, मोटर मैकेनिक का ज्ञान, भारी/हल्के वाहनों के लिए सामान्य स्मार्टनेस की परीक्षा ली जाएगी.

(iii) **बढ़ई के लिए**

**लिखित परीक्षा**

| भाग | विषय | प्रश्न | लिखित अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 25 | 25 |
| (ii) | सामान्य जागरूकता | 25 | 25 |
| (iii) | अंगेजी भाषा और कॉम्प्रीहेंशन | 25 | 25 |
| (iv) | संख्यात्मक अभिक्षमता | 25 | 25 |

**नोटः** क्षेत्रीय कार्य में व्यवसाय परीक्षा ली जाएगी.

घ. चयनित उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद उनके चयन के बारे में सूचित किया जाएगा और इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

च. **परीक्षा की तिथि:** परीक्षा की सही तिथि, समय और स्थान बुलावा पत्र में सूचित किया जाएगा.

छ. **नियुक्ति पत्र:** अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, दस्तावेज सत्यापन, चिकित्सा परीक्षा और भारत सरकार द्वारा उल्लिखित अनुसार अन्य अपेक्षा को पूरा करने पर ही की जाएगी.

ज. परीक्षा में सफल होने से नियुक्ति का अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक सरकार आवश्यक होने पर ऐसी पूछताछ के बाद संतुष्ट होती है कि उम्मीदवार सेवा/पद की नियुक्ति के लिए सभी संदर्भों में योग्य है.

झ. परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा कि वे परीक्षा के प्रवेश के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने पर पूर्णतः अनंतिम होगा. यदि सत्यापन पर किसी भी समय यह पाया जाता है कि वे किसी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा/सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी यदि पहले से नियुक्त होते हैं तो.

ट. उम्मीदवार जो इस परीक्षा के आधार पर नियुक्त होते हैं, वे दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे और परिवीक्षा की अवधि के दौरान उम्मीदवारों को नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अनुसार ऐसी परीक्षा पास करनी होगी या ऐसा प्रशिक्षण लेना होगा. परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उम्मीदवारों को उनके पद की स्थायी नियुक्ति के लिए यदि योग्य पाया जाता है तो नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा उनके पद की पुष्टि की जाएगी.

ठ. **योग्यता सूची/परिणाम बनाना:** योग्यता सूची बनाई जाएगी और केवल लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर परिणाम घोषित किया जाएगा. कौशल परीक्षा जहां लागू होगी, केवल अर्हक उद्देश्य के लिए होगी.

ड. **टाइ मामलों का निदान:** यदि एक से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं तो एक के बाद एक निम्नलिखित उपायों का प्रयोग करके इसको सुलझाया जाएगा:

(i) आयु में वरिष्ठ उम्मीदवारों पहले रखा जाएगा.

(ii) संख्यात्मक अभिक्षमता फिर तर्क शक्ति और फिर सामान्य जागरुकता में उच्च अंकों के साथ.

ढ. अजा/अजजा/अपिव/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै के लिए उपलब्ध आरक्षण लाभ चाहने वाले उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वे सूचना में निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण के हकदार हैं. उनके पास भारत सरकार, डीओपीएंडटी दिशा निर्देशों के प्रावधानों द्वारा लागू अनुसार नीचे पैरा(ण) में उल्लिखित सूची के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से जारी प्रमाण पत्र होने चाहिए.

ण. जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाली सक्षम प्राधिकारी नीचे अंकित हैं:

(i) जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/उप कलेक्टर/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त(प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट के ओहदे से ऊपर).

(ii) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट.

(iii) तहसीलदार के ओहदे से ऊपर का राजस्व अधिकारी और

(iv) उस क्षेत्र के उप प्रभागीय अधिकारी जहां उम्मीदवार और/या उसका परिवार रहता है.

7. **आवेदन कैसे करें-**

लिफाफे के ऊपर ''.......................पद और.....................श्रेणी अर्थात अजा/अजजा/अपिव/अना/पीडब्ल्यूबीडी/भूपूसै हेतु आवेदन" लिखना होगा और केवल स्पीड डाक द्वारा ''मुख्य गुणवत्ता आश्वासन प्रतिष्ठान (पूर्वी फ्लीट स्टोर), एनएसटीएल के पास, रायथू बाजार के सामने, मारीपेलम डाक, विशाखापट्टनम-530018 के पास निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि से पहले पहुंच जाने चाहिए:

(क) अंग्रेजी(ए4 आकार के कागज पर) में टाइप किए हुए परिशिष्ट ''क-II'' के अनुसार निर्धारित प्रारूप में विधिवत पूर्ण आवेदन के साथ परिशिष्ट ''क-III'' के अनुसार प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति.

(ख) एक स्वपता लिखित लिफाफा (आकार लगभग 25 सेमी x 10 सेमी) बुलावा पत्र भेजने के लिए आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए.

(ग) तीन हाल के पासपोर्ट आकार फोटो जिसमें एक आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर विधिवत चिपकाया गया हो और अन्य दो स्व-हस्ताक्षरित, प्रवेश पत्र में उपयुक्त स्थान पर चिपके हों.

घ. सरकारी सेवा/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से अपने आवेदन के साथ कार्यालय/प्रतिष्ठान अध्यक्ष से प्रमाण पत्र लेना होगा कि उनके खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लम्बित अथवा अवेक्षित नहीं है और चयन के मामले में उनको कार्यमुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं है. आवेदन के साथ 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' न होने पर किसी सूचना के बिना आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा. सरकारी कर्मचारियों को नियोक्ता **(परिशिष्ट-I)** से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

च. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समय-समय पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार अजा/अजजा/अपिव प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित प्रति. क्रीमीलेयर ओहदे में अपिव प्रमाणपत्र **(परिशिष्ट-II)** को आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से तीन वर्ष के अंदर प्राप्त किया होना चाहिए.

छ. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिकों के प्रमाण विधिवत अंकित करता भूतपूर्व सैनिक के संदर्भ में स्वसत्यापित प्रमाणपत्र, जहां लागू है **(परिशिष्ट-III)**. शारीरिक रूप से दिव्यांग कार्मिक के लिए असशक्तता दिखाते प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित प्रति.

ज. शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक योग्यता, जन्मतिथि प्रमाण(जन्म प्रमाणपत्र/ स्कूल छोड़ने/मेट्रिक/10वीं कक्षा प्रमाण पत्र, जन्म तिथि अंकित करने के लिए समकक्ष प्रमाण पत्र हैं), शारीरिक दिव्यांग प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित प्रतियां. उम्मीदवार के अनुभव की अवधि और जारी होने की तिथि वाला प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाए.

8. **संक्षेप में कार्यों की प्रकृति:** पदों के सांकेतिक कार्य और जिम्मेदारियां निम्नानुसार हैं:

**(क) आशुलिपिक ग्रेड-(II)**

(i) पत्राचार मेल करना, पेपर फाइल करना, नियुक्तियां करना, बैठकें आयोजित करना और जानकारी इकट्ठा करना.

(ii) शार्टहेंड में डिक्टेशन लेना और ट्रांशक्रिप्शन करना और अधिकारी द्वारा निर्देशित अनुसार सभी पत्राचारों के ड्राफ्टिंग और जारी करने में सहायता करना.

(iii) गोपनीय पत्रों के आशुलिपिकीय रिकॉर्ड को जलाकर समाप्त करना, अधिकारी की ऐसे तरीके से मदद करना जिसमें उसे निर्देशित किया गया है.

(iv) नियुक्तियां करना.

(v) फोनकॉल और आगंतुकों को शिष्टतापूर्ण तरीके से स्क्रीन करना.

(vi) नियुक्ति/बैठकों आदि की सही सूची बनाना और पहले से अधिकारी को याद दिलाना.

(vii) अधिकारी द्वारा रखे जाने वाले पेपरों को उचित क्रम में संभाल कर रखना.

(viii) निर्देशित अनुसार अधिकारी और अन्य अधिकारी द्वारा देखी गई फाइल की गतिविधि का ध्यान रखना.

(ix) अधिकारी की रेफरेंस किताबों को सही करना और अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाने वाले ड्राफ्ट डेमी-आधिकारिक पत्रों की साफ प्रतियां बनाना.

(x) वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य.

**(ख) सीएमडी(ओजी):**

(i) कार्यालय अपेक्षा के अनुसार कार्यालय के अनुसार चालक कार्यों को करना.

(ii) रोड, हाइवे कोड, रोड चिन्हों और रोड सुरक्षा और रखरखाव के अन्य पहलू के नियमों के बारे में जागरुक रहना.

(iii) वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य.

**(ग) बढ़ई**

(i) बनाये जाने वाले ढांचे या वस्तु को समझने के लिए ड्राइंग या सेम्पल का अध्ययन करना.

(ii) अपेक्षित लकड़ी की मात्रा की गणना करना.

(iii) अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए टिम्बर का चयन करना (प्रकार, गुणवत्ता आदि)

(iv) नापने, निशान लगाने, और परीक्षण करने वाले उपकरण का प्रयोग करके अपेक्षित आकार के अनुसार लकड़ी/लकड़ी के टुकड़ों पर निशान लगाना.

(v) अपेक्षित आकार में लकड़ी के टुकड़ों को सॉ, प्लेन, चिसेल, ड्रिल करना; हाफ-लेप, टेनन और मॉटिस, डवटेल आदि जैसे जोड़ बनाना.

(vi) टुकड़ों को स्क्रू करके, नेल करके, डॉवल करके एक साथ करना; सही नाप के लिए उपकरण का नापना.

(vii) लकड़ी की सतह को चमकानाः पॉलिश करना, वार्निश करना, पेंट करना.

(viii) यदि अपेक्षित है तो लकड़ी के ढांचे, फर्नीचर, दरवाजे/खिड़कियां, पार्टिशन को सीधा खड़ा करना या मरम्मत करना.

(ix) पोर्टेबल पावर उपकरण और हाथ के औजारों को ध्यान से प्रयोग करना और संभालकर रखना(ब्लेड को पैना करना, उपकरण सेट करना आदि).

(x) कार्यशाला/स्थल में सुरक्षा चेतावनियों, फर्स्ट एड, अग्निशमन सुरक्षा, रखरखाव को ध्यान में रखना.

(xi) वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य.

**9. सामान्य अनुदेशः**

(क) उक्त पदों के लिए केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं.

(ख) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों (डाक विलंब के कारण भी) को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ग) उम्मीदवार/आवेदक को निम्नलिखित कृत्य/चूक होने पर अयोग्य/आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(i) निर्धारित प्रारूप में नहीं होने या अपूर्ण होने या हस्ताक्षर के बिना या तिथि के बिना या गलत तरीके से भरे गए आवेदन.

(ii) झूठे, गलत या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करना.

(iii) लागू अनुसार आयु, योग्यता, जाति, असशक्तता, सेवा मुक्ति आदि के समर्थन में प्रमाण पत्रों/निधारित प्रमाण पत्रों की स्व सत्यापित प्रतियों के बिना आवेदन.

(iv) एक पद के लिए उम्मीदवार यदि एक से अधिक आवेदन जमा करता है.

(v) अधिकारी बोर्ड द्वारा पाए गए कारण या अनियमित मान गए अन्य कोई.

(vi) किसी भी रूप में सिफारिश और/या कोई भी प्रभाव राजनीतिक या अन्य रूप से लाने पर अयोग्यता मानी जाएगी.

(vii) यदि उम्मीदवार गलत तरीकों का उपयोग करते हुए चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर पाया जाता है.

(viii) यदि उम्मीदवार के पास अनिवार्य योग्यता नहीं है.

(ix) यदि सरकारी प्रतिष्ठान में काम कर रहे उम्मीदवार के आवेदन, एनओसी के साथ उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होते हैं.

(x) हालांकि आशुलिपिक ग्रेड-II, सीएमडी(ओजी) और बढ़ई के पद के लिए अनिवार्य योग्यता 12वीं/10वीं कक्षा है, उम्मीदवार द्वारा धारित उच्च योग्यता, यदि कोई है तो उसे आवेदन पत्र में लिखा जाए.

(घ) परीक्षा के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है. उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान रहने/भोजन की व्यवस्था खुद करनी होगी. परीक्षा की अवधि एक दिन या अधिक हो सकती है.

(च) नव अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(छ) यदि आवेदकों की संख्या अधिक होती है और इतनी अधिक संख्या के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करना व्यावहारिक नहीं होता है तो विभाग, निर्धारित अनिवार्य योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर आवेदकों को लघुसूचीबद्ध करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

10. भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर कोई भी सूचना/कोई भी कारण बताये बिना निरस्त/स्थगित/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है.

**परिशिष्ट-क-II**

**आवेदन पत्र**

**(बड़े अक्षरों में भरा जाए और बैक टू बैक प्रिंट किया जाए)**

**आवेदित पद का नाम(बड़े अक्षरों में):**

**रेफरेंसः विज्ञापन सं................रोजगार समाचार तिथि.....................**

हाल का पासपोर्ट आकार स्वसत्यापित फोटो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम(पूरा और बड़े अक्षरों में) | | |
| 2. | (क)पिता/पति का नाम | : | |
| | (ख)माता का नाम | : | |
| 3. | वर्तमान पता | : | |
| 4. | पत्राचार हेतु पता | : | |
| 5. | पहचान का प्रमाण (आधार/पैन/वोटर आईडी) | : | |
| 6. | (क) जन्मतिथि | : | |
| | (ख) अंतिम तिथि को आयु | : | ______वर्ष____माह ________दिन |
| | (ग) आयु में छूट का दावा किया गया है, यदि कोई है(यदि हां, विशेष रूप से कोटा का नाम लिखें) | : | हां/नहीं |
| 7. | रोजगार कार्यालय का नाम जहां पंजीकृत हैं | : | |
| 8. | रोजगार कार्यालय पंजीकरण संख्या | : | |
| 9. | राष्ट्रीयता | | |
| 10. | क्या आप अज/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्वसैनिक से संबंधित हैं(यदि हां तो श्रेणी का उल्लेख करें) | : | हां/नहीं श्रेणी |
| 11. | लिंग(पुरूष/महिला) | : | |
| 12. | ईमेल आईडी | : | |
| 13. | मोबाइल नंबर | : | |

14. शैक्षिक योग्यता

| क्र. सं. | शैक्षिक योग्यता | विश्वविद्यालय/ बोर्ड | वर्ष | विषय | अंक (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | कक्षा 10 | | | | |
| (ख) | | | | | |
| (ग) | | | | | |
| (घ) | | | | | |

15. अनुभव, यदि कोई है

| क्र. सं. | धारित पद | परिलब्धियां (मासिक) | कब से | कब तक | नियोक्ता का नाम और पता | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16. | संलग्न प्रमाणपत्र (सही को चुनें) | : | (क) पीओआई<br>(ख) जन्मतिथि का प्रमाण.<br>(ग) जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र.<br>(घ) शैक्षिक योग्यताएं(एक/दो/तीन)<br>(च)कार्य अनुभव प्रमाणपत्र. |
| 17. | अन्य कोई जानकारी का विवरण | : | |

**घोषणा**

मैं एतद्‌द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा उक्त प्रस्तुत विवरण मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सही है. यदि कोई भी जानकारी कभी भी गलत पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति को किसी सूचना के बिना निरस्त/समाप्त कर दिया जाएगा.

महिला उम्मीदवार के सीधे हाथ अंगूठे और
पुरूष उम्मीदवार के उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान.

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**स्थानः**

**तिथिः**

**परिशिष्ट-क-(III)**

**प्रवेश पत्र**

**(दूसरी प्रति)**

**(बड़े अक्षरों में भरा जाए और बैक टू बैक प्रिंट किया जाए)**

**आवेदन सं.:**________________________

**(केवल कार्यालय प्रयोग हेतु)**

**आवेदित पद का नाम(बड़े अक्षरों में):**

**रेफरेंसः विज्ञापन सं**__________**रोजगार समाचार तिथि**________

**हाल का पासपोर्ट आकार स्वसत्यापित फोटो**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम(पूरा और बड़े अक्षरों में) | : | |
| 2. | पिता/पति का नाम | : | |
| 3. | ईमेल आईडी | : | |
| 4. | लिखित परीक्षा/टाइपिंग परीक्षा की तिथि और समय (केवल कार्यालय प्रयोग हेतु) | : | |
| 5. | लिखित परीक्षा/टाइपिंग परीक्षा का स्थान (केवल कार्यालय प्रयोग हेतु) | : | |
| 6. | आपातकाल मोबाइल नंबर | : | |

महिला उम्मीदवार के सीधे हाथ अंगूठे और
पुरूष उम्मीदवार के उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान.

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**नोटः**- प्रवेश पत्र को आवेदक द्वारा क्रम संख्या 1, 2, 3 और 6 में विधिवत भरकर दूसरी प्रति जमा करनी होगी.

**परिशिष्ट-III**

**उम्मीदवार जो भूतपूर्व सैनिक हैं द्वारा दिया जाने वाला वचन पत्र**

मैं समझता हूं कि यदि मैं आवेदन जिससे भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होता हूं तो मेरी नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि पर मेरे द्वारा दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने पर होगी कि मुझे सशस्त्र सेना से विधिवत कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त कर दिया गया है और मैं समय समय पर संशोधित अनुसार केन्द्रीय सिविल सेवा और पद नियम,1979 में भूतपूर्वसैनिक पुनर्नियोजन के संदर्भ में भूतपूर्व सैनिक को स्वीकार्य लाभों का हकदार हूं.

मैं यह भी समझता हूं कि यदि ऐसी नियुक्ति से पूर्व किसी भी समय भूतपूर्व सैनिक के लिए स्वीकार्य रिक्तियों के आरक्षण के रियायत का लाभ द्वारा सिविल साइड(सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्वायत्त निकाय/सांविधिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई भी रोजगार सुरक्षित किया है तो मैं इस परीक्षा द्वारा की गई भर्ती के संदर्भ में भूतपूर्वसैनिक के लिए आरक्षित रिक्ति के लिए नियुक्त होने के लिए पात्र नहीं हूं, .

मैं निम्नलिखित जानकारी भी जमा करता हूं:

(क) सशस्त्र सेना में नियुक्ति की तिथि____________________

(ख) सेवा मुक्ति की तिथि____________________

(ग) सशस्त्र सेना में सेवा की अवधि ____________________

(घ) मेरी अंतिम यूनिट/कॉर्प्स____________________

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**स्थानः**

**तिथिः**

**परिशिष्ट-II**

**(भारत सरकार के अधीन पदों की नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र)**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी____________________ पुत्र/पुत्री ____________________राज्य/ केन्द्र शासित राज्य ____________________ के जिला/ प्रभाग____________________में गांव/शहर के निवासी हैं जो __________ ____________________समुदाय से संबंधित हैं जिसे भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण के रेजोल्युशन सं____________________तिथि____________________ के अधीन पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है *श्री/श्रीमती/कुमारी____________________ और/या उसका परिवार सामान्यतः ____________________राज्य/केन्द्र शासित राज्य के जिला/प्रभाग ____________________.में रहता है. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वह भारत सरकार, कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग की ओ.एम.सं.36012/22-93-ईएसटीटी (एससीटी) तिथि 8.9.1993** की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/अनुभागों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है.

**जिला मजिस्ट्रेटः**____________________

**उपायुक्त आदिः**____________________

**तिथिः**

**मुहरः**

*प्रमाणपत्र जारी करने वाली प्राधिकारी को भारत सरकार के रेजोल्यूशन के विवरण का उल्लेख करना होगा जिसमें उम्मीदवार की जाति, अपिव के रूप में उल्लिखित की गई है.

**समय समय पर संशोधित अनुसार

**नोटः** यहां पर प्रयुक्त शब्द 'सामान्यतः'' का अर्थ रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल अधिनियम 1950 के अनुभाग 20 के समान है.

**परिशिष्ट-I**

**आयु में छूट चाहने वाले सिविल पदधारक केन्द्र सरकार के कर्मचारी द्वारा जमा किए जाने वाला प्रमाणपत्र प्रारूप**

**(उस कार्यालय या विभाग द्वारा भरा जाए, जिसमें उम्मीदवार कार्यरत है.)**

यह प्रमाणित किया जाता है श्री/श्रीमती/कुमारी _______,सूचना में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार ग्रेड में 03 वर्ष की निरन्तर और नियमित सेवा के साथ रुपये ______ के वेतनमान में सिविल पद धारण करने वाला एक केन्द्र सरकारी कर्मचारी है. यदि वह _________पद के लिए चयनित होता है तो उसे नए कार्यभार से जुड़ने के लिए इस कार्यालय से उसके कार्यों से मुक्त कर दिया जाएगा.

**हस्ताक्षर** ..................................

**स्थानः** ....................  **नाम** ..................................

**तिथिः** ....................  **कार्यालय मुहर** ......................

**CBC 10203/11/0002/2526**

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री





श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# राजस्थान दिवस

## (भारतीय नववर्ष - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा)

पर

## प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## प्रगति पथ पर बढ़ता राजस्थान

### देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**
2.18 करोड़ पॉलिसियां

**पीएम-कुसुम योजना**
कम्पोनेन्ट- ए एवं सी

**जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण**
धरती आबा जनभागीदारी अभियान में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट

**फार्मर रजिस्ट्री योजना**
लाभार्थी ID निर्माण

**स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025**
लक्षित इकाइयों का रूपांतरण

सहित 13 योजनाओं में देश में प्रथम

### देश में द्वितीय

**कृषि विभाग**
प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण

**पीएम विश्वकर्मा योजना**
ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**पीएम कृषि सिंचाई योजना- "पर ड्रॉप - मोर क्रॉप"**
1.31 लाख हेक्टेयर माइक्रो इरिगेशन स्थापना

**राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार**
श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसायटी
श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन

**पोषण माह 2025 गतिविधियों में**

### देश में तृतीय

**पीएम - कुसुम योजना**
कम्पोनेंट-B एवं C-FLS

**जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान**
कार्य क्रियान्वयन के आधार पर

**आयुष्मान भारत (PM-JAY)**
क्लेम सेटलमेंट एवं हॉस्पिटल एम्पैनलमेंट

**टीबी मुक्त ग्राम पंचायत**
घोषित करने एवं 100 दिवसीय कैम्पेन

**एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम**
क्रियान्वयन श्रेणी

सहित 6 योजनाओं में देश में तृतीय

## प्रगति निरंतर - आंकड़ों की जुबानी

5 साल 2018-2023 बनाम 25 माह 2024 - मार्च, 2026

| | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई (किमी.) | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हेक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | बालिका प्रोत्साहन योजना में लाभान्वित | कुसुम घटक 'ए' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 2.35 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 2,92,507 | 489 |
| अब | 3.41 | 35,368 | 41,037 | 16,864 | 1,717 | 98,894 | 8,261 | 3,14,530 | 2,911 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | किसानों को तारबंदी पर दी राशि (करोड़) | कुसुम घटक 'सी' में जारी एलओए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 113 | 57 |
| अब | 88,724 | 41,820 | 21 | 185 | 11.31 | 2,294 | 18 | 403 | 2,064 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

प्र.रा.स. 12/2026

राजस्थान संवाद

**भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे - 411 008**
(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान)
**INDIAN INSTITUTE OF TROPICAL METEOROLOGY, PUNE - 411008**
(An autonomous Institute of the Ministry of Earth Sciences, Govt. of India)
**(विज्ञापन सं. पीईआर/03/2026)**
**(Advt. No. PER/03/2026)**

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे निम्नलिखित पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है: -
The Indian Institute of Tropical Meteorology, Pune invites applications for recruitment of following posts:-

| पद का नाम/ Name of the post | पदों की संख्या / Number of posts |
|---|---|
| आई.आई.टी.एम. अनुसंधान अध्येता IITM Research Fellows | 15 पद (आरक्षण : अ.जा.-03, अ.ज.जा.-02, अ.पि.व.-03, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग – 02, अनारक्षित-05)<br>बैकलॉग पद: 5 पद (आरक्षण: अ.जा-03, अ.ज.जा-01, अ.पि.व-01)<br>* 2 पद मानक विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं ।<br><br>15 Posts (Reservation: SC-03, ST-02, OBC-03,EWS-02, UR-05)<br>Backlog positions: 5 Posts (Reservation: SC-03, ST-01, OBC-01).<br>* 2 posts are reserved for Persons with Benchmark Disability. |

विस्तृत विज्ञापन आईआईटीएम की वेबसाइट www.tropmet.res.in/Careers पर उपलब्ध है।
Detailed advertisement is available at IITM website www.tropmet.res.in/Careers.

ऑन-लाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **27/04/2026** है।
Last date of receipt of online application is **27/04/2026.**

**निदेशक, आईआईटीएम, पुणे**
**Director, IITM, Pune**


(पृष्ठ 1 का शेष)

इनमें से 12 केंद्र विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध हैं और 6 स्वतंत्र शोध केन्द्रों के रूप में कार्य करते हैं। इन सभी 16 केन्द्रों पर नियोजन के नियमित तथा परियोजना आधारित अवसरों का उपयोग किया जा सकता है। राजस्थान के उदयपुर में ऐसा एक केंद्र मौजूद है।

## कई विषयों का समावेश है जनसंख्या अध्ययन में

जनसंख्या अध्ययन में सांख्यिकीय विधियों, शोध तथा क्वांटिटेटिव तकनीकों का व्यापक रूप से उपयोग होता है। अत: सांख्यिकी, क्वांटिटेटिव अर्थशास्त्र और इकोनामेट्रिक्स जैसे विषयों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा तथा शोध के लिए जनसंख्या अध्ययन को चुन सकते हैं यदि उन्हें यह विषय रुचिकर लगता हो। साथ ही जो विद्यार्थी अभी अर्थशास्त्र, सोशल वर्क, समाज शास्त्र, विकास अध्ययन या पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं या पढ़ाई पूरी करने वाले हैं और पी एचडी करने के इच्छुक हैं, वे अपनी थीसिस के लिए जनसंख्या अध्ययन से जुड़ा कोई विषय चुन सकते हैं। जनसंख्या अध्ययन यू जी सी-नेट के विषयों की सूची में शामिल है।

## कहाँ हैं रोजगार के अवसर

जनसंख्या अध्ययन या विज्ञान की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावना वाले कुछ संस्थानों के नाम नीचे दिए गए हैं-

नेशनल सैंपल सर्वे ऑर्गनाइजेशन

नीति आयोग

रजिस्ट्रार जनरल तथा सेंसस कमिश्नर कार्यालय

गृह मंत्रालय

जो लोग शिक्षण कार्य में रुचि रखते हैं वे डॉ बी आर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनामिक्स यूनिवर्सिटी, बंगलोर; इंस्टीट्यूट फॉर सोशल एंड इकोनामिक चेंज, बंगलोर; इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पापुलेशन साइंसेज, मुंबई; टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों में अध्यापन कार्य कर सकते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी (आईआईटी), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी (एनआईटी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) के सामाजिक विज्ञान विभागों में भी रिक्तियाँ हो सकती हैं। बंगलोर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन सेटलमेंट एक डीम्ड विश्वविद्यालय है और जनसंख्या अध्ययन में शिक्षण तथा शोध के अवसर उपलब्ध कराता है। तमाम विदेशी विश्वविद्यालयों में भी इस तरह की संभावनाएं मौजूद हो सकती हैं।

कुछ कार्य अनुभव के बाद आप अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे कि यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशंस पापुलेशन फंड, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन में नियोजन के लिए प्रयास कर सकते हैं।

## अपनी रुचि को परखें

नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलाजी इन्हांस्ड लर्निंग ने जनसंख्या अध्ययन विषय के कुछ माड्यूल अपने पोर्टल पर डाले हैं जो सभी के लिए नि:शुल्क उपलब्ध हैं। आप चाहें तो इन्हें देख-सुन कर जान सकते हैं कि यह विषय आपको भाएगा या नहीं। आगे जनसंख्या अध्ययन की पढ़ाई करने या न करने का निर्णय लेने में यह प्रयोग सहायक हो सकता है।

जनसंख्या अध्ययन आंकड़ों का अध्ययन मात्र नहीं है। यदि इस विषय को सही प्रकार से उपयोग में लाया जाए तो यह सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक बदलाव का माध्यम बन सकता है।

### वार्षिक अभिदाताओं/एजेंट हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वें रु 60/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। – **संपादक**

### सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों/संस्थानों की अपनी हैं। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। – **संपादक**


### राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**ऋषभ मंडल**
आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग राजस्थान, जयपुर

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**डॉ. संजीव सोलंकी**
सहायक निदेशक (प्रकाशन), राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर
डाक का पता: सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001
e-mail—adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्त्वाधिकारी, रोज़गार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक (प्रकाशन) द्वारा मितश्योर टेक्नोलॉजीज एलएलपी, बी. 121 मंगल मार्ग बापूनगर, जयपुर 302015 (राज.) (प्रिंटिंग प्रेस, बी.-26 विजय मुकुन्दपुरा नायला रोड, कानोता, जयपुर) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक– डॉ. संजीव सोलंकी